हिमाचल प्रदेश
लोक सेवा आयोग

क्र. सं. 3–18/2024–पी.एस.सी (परीक्षा)  दिनांकः शिमला–171002,  20 जून, 2025

## **<u>प्रैस विज्ञप्ति</u>**

सभी संबंधित उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2025 जो 29–06–2025 को **दो सत्र में सुबह** 10:00 **बजे से** 12:00 **बजे तक तथा शाम को** 2:30 **से** 4:30 **बजे तक** 10 जिलो के 111 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। संबंधित उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र एवं विस्तृत निर्देश लोक सेवा आयोग की आधिकारिक वैबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। सभी उम्मीदवार अपने ई–प्रवेश पत्र लोक सेवा आयोग की उक्त आधिकारिक वैबसाइट https://hppsconline.hp.gov.in/HPPSC/Applicant से 19–06–2025 से डाउनलोड कर सकते हैं। किसी भी उम्मीदवार को प्रवेश पत्र अलग से आयोग द्वारा नहीं भेजे जाएंगे। किसी भी उम्मीदवार को बिना प्रवेश पत्र के परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सभी उम्मीदवारों को यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा शुरू होने से ठीक **डेढ़** घण्टा पहले यानि सुबह 8:30 बजे **तथा शाम को** 01:00 **बजे** तक परीक्षा केंद्रों में उपस्थित हो जाएं । सुबह 9:30 बजे **तथा शाम को** 02 :00 **बजे के बाद किसी भी उमीदवार को** किसी भी परिस्थिति में परीक्षा हॉल/कमरों में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। उक्त परीक्षा में किसी भी उम्मीदवार को आवंटित परीक्षा केंद्र में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

हस्ता/–
(निवेदिता नेगी),भारतीय प्रशासनिक सेवा
हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग